# उत्तराखंड में डेंगू का बढ़ता प्रकोप

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तराखंड की राजधानी देहरादून सहित राज्य के विभिन्न ज़िलों में **डेंगू** का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। 12 अक्टूबर, 2021 को रुड़की एवं देहरादून में डेंगू के नए केस सामने आए हैं।

## प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि **डेंगू एक मच्छरजनित उष्णकटिबंधीय बीमारी** है, जो **डेंगू वायरस (जीनस फ्लेवी वायरस) के कारण** होती है।
- इसका प्रसार **मुख्यरूप से मादा एडीज इजिप्टी मच्छर द्वारा** होता है।
- **डेंगू संक्रमण के इलाज हेतु कोई विशिष्ट दवा उपलब्ध नहीं** है। हालाँकि, **वर्ष 2019 में यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा डेंगू के टीके 'डेंग वैक्सिया' को अनुमोदित किया** गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dengue-outbreak-in-uttarakhand